प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / मा0संसा0 / 105–2 / 2016–17 / 5994–75 दिनांक ~~09.2016~~ 4.10.2016

विषय–राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में वर्ष 2016–17 हेतु मातृ स्वास्थ्य से सम्बन्धित संविदा स्टाफ नर्स के प्रथम छःमाही के मानदेय एवं दिशानिर्देश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आप अवगत हैं कि पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू. / मातृ स्वा0 / पी0आई0पी0 / 114 / 15–16 / 11737–75 दिनांक 22.03.2015 के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रसव इकाइयों एवं रिक्त उपकेन्द्रों पर पूर्व से तैनात संविदा स्टाफ नर्स को वित्तीय वर्ष 2016–17 में परफार्मेन्स के आधार पर पूर्व निर्धारित शर्तों के अनुसार यथावत कार्य करते रहने के निर्देश प्रेषित किये गये हैं। जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर 31 मार्च 2016 को जनपदों में 3698 संविदा स्टाफ नर्स कार्यरत थीं। इनके लिये प्रथम त्रैमास (अप्रैल–जून) वर्ष 2016–17 के लिये मानदेय की धनराशि इस कार्यालय के पत्रसंख्या–एस.पी.एम.यू. / मातृ0स्वा0 / मा0संसा0 / 105–3 / 2016–17 / 4442–75 दिनांक 11.08.2016 के माध्यम से निर्गत की चुकी है।

1. भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 वित्तीय वर्ष 2016–17 में भी प्रसव इकाइयों पर 4030 संविदा स्टाफ नर्स, के पद एवं मानदेय हेतु एफ0एम0आर0 कोड– A.8.1.1.2b में रू0 19060.00 प्रतिमाह की दर से धनराशि स्वीकृत प्रदान की गयी है। जिसमें से भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार पूर्व से कार्यरत 3581 हेतु 07 माह एवं 449 हेतु 03 माह के मानदेय हेतु जनपदों को अवमुक्त किये जाने वाली धनराधि में से पूर्व में अवमुक्त धनराशि को घटाकर शेष धनराशि रू0 2919.9920 लाख जनपदों को अवमुक्त की जा रही है। (संलग्नक–1) कतिपय जनपदों में 31 जनवरी, 2016 के बाद भी संविदा स्टाफ नर्स नियुक्तियॉ की गयी है। जनपदों द्वारा यह धनराशि कार्यरत संविदा ए0एन0एम0 की वास्तविक संख्या एवं कार्य अवधि के आधार पर व्यय की जा सकती है।
2. संविदा स्टाफ नर्सों के पदों की आवश्यकतानुसार चिन्हित **L-2** व **L-3** प्रसव इकाईयों पर चौबीस घंटे प्रसव सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये ही प्रदान की गयी है। सभी संविदा स्टाफ नर्स की तैनाती का अनुबन्ध सम्बन्धित वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिये ही मान्य होगा और सभी अनुबन्ध 31 मार्च 2017 तक के लिये ही किये जायेंगे।
3. स्पष्ट किया जाता है कि संविदा स्टाफ नर्सों की तैनाती किसी भी स्थिति में **L-2** व **L-3** प्रसव इकाईयों के बाहर अथवा अक्रियाशील इकाई पर नहीं की जानी है। इनके पदों का इकाईवार आबंटन जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से किया जा सकता है किन्तु सभी इकाइयों के प्रसव भार तथा उपलब्ध नियमित स्टाफ नर्सों की स्थिति के आधार पर ही औचित्यपूर्ण आबंटन का प्रस्ताव जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।
4. संविदा स्टाफ नर्स नियमित स्टाफ नर्स की भांति ही सभी कार्य सम्पादित करेंगी। उनका उत्तरदायित्व है कि जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। चिकित्सालय में एस0बी0ए0 मानकों पर लेबर रूम, ओ0टी0, ए0एन0सी0 व पी0एन0सी0 वार्ड में कार्य करना तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आवंटित अन्य कार्य इनके उत्तर दायित्व हैं।

5. इन्हें एस0बी0ए0 अथवा/एवं दक्षता प्रशिक्षण में नामित किया जाये। यह एच0पी0डी0 जनपदों में इस प्रशिक्षण के पश्चात सामान्य प्रसव की पी0बी0आई0 के लिये पात्र होंगी।
6. यह सभी संविदा पद प्रसव इकाइयों के लिये ही स्वीकृत हैं। इन संविदा पदों पर पुरूष स्टाफ नर्सो को प्रसव इकाइयों पर तैनाती देते समय यह अवश्य जाँच लें कि उनका प्रसव अथवा0 ओ0टी0 कार्य में दक्षता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो एवं सेवा पूर्व प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा मिडवाइफरी विषय पर भी प्रशिक्षण लिया गया हो।
7. इस सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि पूर्व से कार्यरत सभी संविदा स्टाफ नर्स के प्रत्येक त्रैमास के कार्यों के मूल्यांकन पूर्व में प्रेषित किये गये **<u>मूल्यांकन प्रारूप–2 बी</u>** पर नियमित रूप से किया जाये। अनुबन्ध के लिए **<u>प्रारूप–3</u>** का प्रयोग किया जाय।
8. जनपदवार स्वीकृत पदों से अधिक पदों पर भर्ती किसी भी स्थिति में नहीं की जाय। इसमें पूर्व के वर्षों में स्वीकृत किये गये सभी पद समाहित हैं।
9. संविदा स्टाफ नर्स रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता अपनायी जाय एवं मानव संसाधन अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ द्वारा दिये दिशानिर्देशों के अनुरूप की जाय, तथा नियुक्ति प्रक्रिया तथा पूर्व से कार्यरत/नवचयनित कर्मचारी के सभी दस्तावेजो का रखरखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी की होगी।
10. संविदा स्टाफ नर्स रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी का पद के कार्य के अनुरूप स्किल परीक्षण किया जाना अतिआवश्यक होगा। यदि चयनित किये गये कर्मी का उच्च अधिकारी/निरीक्षण कर्ता द्वारा स्किल परीक्षण किया जाता है, और वह अपने कार्य में निपुण नहीं पाया जाता है, उस स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व नियुक्ति प्राधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी के जिम्मेदार होगे।
11. सभी संविदा स्टाफ नर्स का उत्तर प्रदेश स्टेट नर्सिंग काउन्सिल के अन्तर्गत पंजीकरण होना अनिवार्य है। भर्ती से पूर्व यह पंजीकरण प्राप्त कर लें।
12. सामान्य परिस्थितियों में संविदा स्टाफ नर्सों के रिक्त पदों पर पूरे वर्ष भर्ती जारी रखी जा सकती है। किन्तु उचित होगा कि आगामी 02 माह में यह भर्तियाँ पूर्ण कर ली जाये। जिन जनपदों में कोर्ट अथवा शासन द्वारा रोक हो वह इसके लिये प्रयास करें। समस्त भरे हुये संविदा स्टाफ नर्सों का विस्तृत विवरण संलग्न प्रारूप पर मातृ स्वास्थ्य अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ को ईमेल पर प्रेषित करें और अद्यतन भी करते रहें। (संलग्नक–2)
13. संविदा ए0एन0एम0 भर्ती में किसी प्रकार की अनमित्ता पाये जाने पर या न्यायालय सम्बन्धी प्रकरण में सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी जिम्मेदार होगा।
14. सभी संविदा स्टाफ नर्स को प्रत्येक माह की 08 तारीख तक अनिवार्य रूप से उसका मानदेय उसके आधार संख्या लिंक्ड बैक खाते में आहरित हो जाना चाहिये।
15. भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर0ओ0पी0 वर्ष 2016–17 में उन संविदा कर्मियों के लिये 05 प्रतिशत मानदेय की वृद्धि स्वीकृत की गयी है जिन्होंने में एक वर्ष या अधिक की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। संविदा कर्मी को 05 प्रतिशत की मानदेय वृद्धि एक वर्ष पूर्ण करने के बाद ही उसी तिथि से जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन उपरान्त स्वीकृत की जाये। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता होती है तो उसके लिये सम्बन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी ही जिम्मेदार होंगे। यह वृद्धि उपलब्ध करायी जा रही धनराशि से ही प्रदान की जाये।

डा0 नीरा जैन
महाप्रबंधक (मातृ स्वास्थ्य)
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0

**समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पदों से अधिक भर्ती न करें। अन्यथा किसी भी अप्रिय स्थिति अथवा मुकदमें या हर्जाने के लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

<u>अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग–</u>

- जिला स्तर जिला स्वास्थ्य समिति सभी संविदा तैनातियों एवं पुर्नअनुबन्ध के लिये उत्तरदायी है।
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपर्युक्तानुसार सभी संविदा कर्मियों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर एन0एच0एम0, उ0प्र0 को प्रत्येक त्रैमास अवश्य ही उपलब्ध करा दें। इनकी स्थिति प्रत्येक त्रैमास प्रेषित की जाने वाली के0पी0आई0–2 डिलीवरी प्वाइंट की रिपोर्ट पर भी अद्यतन कर दें।
- समस्त अभिलेखों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर संकलित किया जाये।
- अपने जनपद में सभी स्वीकृत संविदा पदों पर कर्मियों की औचित्यपूर्ण तैनाती का पूर्ण उत्तरदायित्व जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्साधिकारी का ही है।
- संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार सभी संविदा कर्मियों का मानदेय इनके कार्यावधि के आधार पर ही दिया जायेगा।
- किसी भी कर्मी को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्राविधानित धनराशि का व्यय आबंटित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जाये।
- धनराशि का आबंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आबंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।
- व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियाँ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- आबंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुये किया जाये।
- उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

(आलोक कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/मा0संसा0/105–3/2016–17/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
3 समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
4 समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
5 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक,एन0एच0एम0,उ0प्र0।
6 समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
7 गार्ड फाइल।

(डॉ0 नीरा जैन)
महाप्रबन्धक मातृ स्वा0

## Funds release for Salaries of contractual Staff Nurse - 2nd installment 2016-17

| S.No. | Districts | Total contractual SNS positions sanctioned for 2016-17 | working from before | vacant posts | 9 mths salary for those working from before | 3 montrhs salary against vanact positions | total funds Proposed to be made available | released previously as 1st Installment | being released as 2nd installment |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | FMR Code | | | | | A.8.1.1.2.b | | | |
| 1 | Agra | 75 | 75 | 0 | 100.065 | 0 | 100.065 | 42.885 | 57.1800 |
| 2 | Aligarh | 64 | 62 | 2 | 82.7204 | 1.1436 | 83.864 | 35.4516 | 48.4124 |
| 3 | Allahabad | 93 | 93 | 0 | 124.0806 | 0 | 124.0806 | 53.1774 | 70.9032 |
| 4 | Ambedkar Nagar | 48 | 48 | 0 | 64.0416 | 0 | 64.0416 | 27.4464 | 36.5952 |
| 5 | Amethi | 33 | 21 | 12 | 28.0182 | 6.8616 | 34.8798 | 11.436 | 23.4438 |
| 6 | Amroha | 36 | 36 | 0 | 48.0312 | 0 | 48.0312 | 20.5848 | 27.4464 |
| 7 | Auraiya | 22 | 22 | 0 | 29.3524 | 0 | 29.3524 | 10.2924 | 19.0600 |
| 8 | Azamgarh | 79 | 25 | 54 | 33.355 | 30.8772 | 64.2322 | 14.295 | 49.9372 |
| 9 | Badaun | 97 | 92 | 5 | 122.7464 | 2.859 | 125.6054 | 52.6056 | 72.9998 |
| 10 | Baghpat | 24 | 24 | 0 | 32.0208 | 0 | 32.0208 | 13.7232 | 18.2976 |
| 11 | Bahraich | 105 | 102 | 3 | 136.0884 | 1.7154 | 137.8038 | 58.3236 | 79.4802 |
| 12 | Ballia | 52 | 52 | 0 | 69.3784 | 0 | 69.3784 | 29.7336 | 39.6448 |
| 13 | Balrampur | 70 | 62 | 8 | 82.7204 | 4.5744 | 87.2948 | 38.8824 | 48.4124 |
| 14 | Banda | 44 | 44 | 0 | 58.7048 | 0 | 58.7048 | 25.1592 | 33.5456 |
| 15 | Barabanki | 50 | 13 | 37 | 17.3446 | 21.1566 | 38.5012 | 7.4334 | 31.0678 |
| 16 | Bareilly | 63 | 62 | 1 | 82.7204 | 0.5718 | 83.2922 | 36.0234 | 47.2688 |
| 17 | Basti | 50 | 50 | 0 | 66.71 | 0 | 66.71 | 28.59 | 38.1200 |
| 18 | Bhadohi | 27 | 27 | 0 | 36.0234 | 0 | 36.0234 | 15.4386 | 20.5848 |
| 19 | Bijnor | 65 | 65 | 0 | 86.723 | 0 | 86.723 | 36.5952 | 50.1278 |
| 20 | Bulandshair | 81 | 81 | 0 | 108.0702 | 0 | 108.0702 | 46.3158 | 61.7544 |
| 21 | Chandauli | 48 | 48 | 0 | 64.0416 | 0 | 64.0416 | 27.4464 | 36.5952 |
| 22 | Chitrakoot | 45 | 14 | 31 | 18.6788 | 17.7258 | 36.4046 | 8.0052 | 28.3994 |
| 23 | Deoria | 68 | 12 | 56 | 16.0104 | 32.0208 | 48.0312 | 38.8824 | 9.1488 |
| 24 | Etah | 32 | 32 | 0 | 42.6944 | 0 | 42.6944 | 18.2976 | 24.3968 |
| 25 | Etawah | 35 | 35 | 0 | 46.697 | 0 | 46.697 | 20.013 | 26.6840 |
| 26 | Faizabad | 79 | 24 | 55 | 32.0208 | 31.449 | 63.4698 | 12.5796 | 50.8902 |
| 27 | Farrukhabad | 32 | 30 | 2 | 40.026 | 1.1436 | 41.1696 | 17.154 | 24.0156 |
| 28 | Fatehpur | 64 | 64 | 0 | 85.3888 | 0 | 85.3888 | 36.5952 | 48.7936 |
| 29 | Firozabad | 59 | 58 | 1 | 77.3836 | 0.5718 | 77.9554 | 33.7362 | 44.2192 |
| 30 | GB Nagar | 18 | 18 | 0 | 24.0156 | 0 | 24.0156 | 10.2924 | 13.7232 |
| 31 | Ghaziabad | 29 | 27 | 2 | 36.0234 | 1.1436 | 37.167 | 15.4386 | 21.7284 |
| 32 | Ghazipur | 45 | 25 | 20 | 33.355 | 11.436 | 44.791 | 14.295 | 30.4960 |
| 33 | Gonda | 73 | 71 | 2 | 94.7282 | 1.1436 | 95.8718 | 40.5978 | 55.2740 |
| 34 | Gorakhpur | 78 | 78 | 0 | 104.0676 | 0 | 104.0676 | 44.6004 | 59.4672 |
| 35 | Hamirpur | 42 | 42 | 0 | 56.0364 | 0 | 56.0364 | 24.0156 | 32.0208 |
| 36 | Hapur | 27 | 27 | 0 | 36.0234 | 0 | 36.0234 | 15.4386 | 20.5848 |
| 37 | Hardoi | 95 | 95 | 0 | 126.749 | 0 | 126.749 | 54.321 | 72.4280 |
| 38 | Hathras | 34 | 32 | 2 | 42.6944 | 1.1436 | 43.838 | 18.8694 | 24.9686 |
| 39 | Jalaun | 60 | 58 | 2 | 77.3836 | 1.1436 | 78.5272 | 33.1644 | 45.3628 |
| 40 | Jaunpur | 88 | 71 | 17 | 94.7282 | 9.7206 | 104.4488 | 40.5978 | 63.8510 |
| 41 | Jhansi | 77 | 75 | 2 | 100.065 | 1.1436 | 101.2086 | 44.0286 | 57.1800 |
| 42 | Kannauj | 32 | 32 | 0 | 42.6944 | 0 | 42.6944 | 18.2976 | 24.3968 |
| 43 | Kanpur Dehat | 33 | 32 | 1 | 42.6944 | 0.5718 | 43.2662 | 18.2976 | 24.9686 |
| 44 | Kanpur Nagar | 61 | 61 | 0 | 81.3862 | 0 | 81.3862 | 34.8798 | 46.5064 |
| 45 | Kasganj | 33 | 11 | 22 | 14.6762 | 12.5796 | 27.2558 | 18.8694 | 8.3864 |
| 46 | Kausambhi | 65 | 58 | 7 | 77.3836 | 4.0026 | 81.3862 | 32.5926 | 48.7936 |
| 47 | Kushinagar | 29 | 29 | 0 | 38.6918 | 0 | 38.6918 | 16.5822 | 22.1096 |
| 48 | Lakhimpur Kheri | 125 | 123 | 2 | 164.1066 | 1.1436 | 165.2502 | 70.3314 | 94.9188 |
| 49 | Lalitpur | 50 | 49 | 1 | 65.3758 | 0.5718 | 65.9476 | 28.59 | 37.3576 |
| 50 | Lucknow | 79 | 79 | 0 | 105.4018 | 0 | 105.4018 | 45.1722 | 60.2296 |
| 51 | Maharajganj | 58 | 55 | 3 | 73.381 | 1.7154 | 75.0964 | 31.449 | 43.6474 |
| 52 | Mahoba | 29 | 29 | 0 | 38.6918 | 0 | 38.6918 | 16.5822 | 22.1096 |
| 53 | Mainpuri | 43 | 43 | 0 | 57.3706 | 0 | 57.3706 | 24.5874 | 32.7832 |
| 54 | Mathura | 50 | 50 | 0 | 66.71 | 0 | 66.71 | 28.59 | 38.1200 |
| 55 | Mau | 37 | 34 | 3 | 45.3628 | 1.7154 | 47.0782 | 18.8694 | 28.2088 |
| 56 | Meerut | 38 | 38 | 0 | 50.6996 | 0 | 50.6996 | 18.2976 | 32.4020 |
| 57 | Mirzapur | 59 | 47 | 12 | 62.7074 | 6.8616 | 69.569 | 33.1644 | 36.4046 |
| 58 | Moradabad | 36 | 36 | 0 | 48.0312 | 0 | 48.0312 | 20.5848 | 27.4464 |
| 59 | Muzaffarnagar | 37 | 37 | 0 | 49.3654 | 0 | 49.3654 | 21.1566 | 28.2088 |
| 60 | Pilibhit | 58 | 58 | 0 | 77.3836 | 0 | 77.3836 | 33.1644 | 44.2192 |
| 61 | Pratapgarh | 54 | 54 | 0 | 72.0468 | 0 | 72.0468 | 30.8772 | 41.1696 |
| 62 | Raebareli | 71 | 71 | 0 | 94.7282 | 0 | 94.7282 | 40.5978 | 54.1304 |
| 63 | Rampur | 29 | 29 | 0 | 38.6918 | 0 | 38.6918 | 16.5822 | 22.1096 |
| 64 | Saharanpur | 52 | 52 | 0 | 69.3784 | 0 | 69.3784 | 29.7336 | 39.6448 |
| 65 | Sambhal | 39 | 39 | 0 | 52.0338 | 0 | 52.0338 | 22.3002 | 29.7336 |
| 66 | Shahjahanpur | 69 | 69 | 0 | 92.0598 | 0 | 92.0598 | 39.4542 | 52.6056 |
| 67 | Shamli | 16 | 15 | 1 | 20.013 | 0.5718 | 20.5848 | 8.577 | 12.0078 |

| S.No. | Districts | Total contractual SNS positions sanctioned for 2016-17 | working from before | vacant posts | 9 mths salary for those working from before | 3 montrhs salary against vanact positions | total funds Proposed to be made available | released previously as 1st Installment | being released as 2nd installment |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | FMR Code | A.8.1.1.2.b | | | | | | | |
| 68 | Shrawasti | 46 | 46 | 0 | 61.3732 | 0 | 61.3732 | 26.3028 | **35.0704** |
| 69 | Siddharth Nagar | 40 | 17 | 23 | 22.6814 | 13.1514 | 35.8328 | 22.3002 | **13.5326** |
| 70 | Sitapur | 119 | 113 | 6 | 150.7646 | 3.4308 | 154.1954 | 67.4724 | **86.7230** |
| 71 | SK Nagar | 50 | 49 | 1 | 65.3758 | 0.5718 | 65.9476 | 28.59 | **37.3576** |
| 72 | Sonbhadra | 26 | 26 | 0 | 34.6892 | 0 | 34.6892 | 14.8668 | **19.8224** |
| 73 | Sultanpur | 59 | 10 | 49 | 13.342 | 28.0182 | 41.3602 | 5.718 | **35.6422** |
| 74 | Unnao | 59 | 55 | 4 | 73.381 | 2.2872 | 75.6682 | 33.7362 | **41.9320** |
| 75 | Varanasi | 43 | 43 | 0 | 57.3706 | 0 | 57.3706 | 24.5874 | **32.7832** |
| | **Total** | **4030** | **3581** | **449** | 4777.7702 | **256.7382** | **5034.5084** | **2114.5164** | **2919.9920** |

संलग्नक–2

# मातृ स्वास्थ्य के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियो का विवरण

जनपद का नामः–

| क्र0सं0 | एफ0एम0आर0 कोड | मातृ स्वास्थ्य के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 की आर0ओ0पी0 के अनुसार कुल स्वीकति पदों की संख्या | दिनॉक 31.08.2016 तक कुल भरे हुये पदों की संख्या | कुल रिक्त पदों की संख्या | कार्यरत संविदा ए0एन0एम0,ए0एन0एम0, महिला चिकित्साधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | मातृत्व अवकाश (अधिकतम 06 माह) का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | क्र0सं0 | कर्मचारी का नाम | पिता / पति का नाम | लिंग (म0 / पु0) | अर्हकारी योग्यता | जन्मतिथि | आरक्षित श्रेणी | मोबाइल नं0 | स्थाई पता | उ0प्र0 स्टेट मेडीकल फैक्लटी में पंजीकरण (हॉं / नहीं) | बैंक खाता संख्या | आधार कार्ड संख्या | प्रसव इकाई का स्तर जहॉं पर कार्यरत है। एल–1 / एल–2 / एल–3 / उपकेन्द्र | इकाई का नाम जहॉं पर कार्यरत है। (डी0सी0एच / डी0डब्ल0यू0एच0 / एफ0आर0यू0 / सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 / ए0पी0एच0सी0 / उपकेन्द्र) | ब्लाक का नाम | इस पद पर प्रथम योगदान तिथि | वर्तमान अनुबन्ध की अन्तिम तिथि | मानदेय प्रतिमाह | मातृत्व अवकाश आरम्भ होने की तिथि | मातृत्व अवकाश समाप्त होने की तिथि | मातृत्व अवकाश के बाद कार्यभार ग्रहण करने का दिनॉक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| | | | | | 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |